तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनीशियल्स जज
27/1/2021	पत्रावली पेश हुई। वकुलाय उप. I.P.O सा: दौर पर हैं। पत्रावली पूर्व आदेशानुसार दिनांक 9/3/2021 को पेश हो।
9/3/2021	वकील प्रार्थी उप०। अप्रार्थी बावजूद सम्यक तामील के अनुपस्थित। अतः अप्रार्थी के विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल मे लायी जाती है। बहस वकील प्रार्थी सुनी गई। वास्ते निर्णय पत्रावली दि० 15/3/2021 को पेश हो।
15/3/2021	पत्रावली आज वास्ते निर्णय/आदेश पेश हुयी। वकील प्रार्थी उप0। बावजूद सम्यक तामिल अप्रार्थी अनुपस्थित रहने के कारण अप्रार्थी के विरूद्ध पूर्व में एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जा चुकी है। पत्रावली में बहस पूर्व में सुनी जा चुकी है। दौराने बहस वकील प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दोहरान करते हुए कथन किया है कि प्रार्थी का सही नाम दानाराम पुत्र ख्यालीराम है। परन्तु राजस्व रिकार्ड तैयार करते समय सहवन से गलत नाम हरदान पुत्र ख्यालीराम दर्ज कर दिया गया है, जिसे राजस्व रिकॉर्ड में दुरस्त किया जाना उचित है। प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र के समर्थन में आधार कार्ड, पेन कार्ड, **CGHS** कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, बैंक खाता पासबुक व राजस्व ग्राम मावण्डा कलां तह. नीमकाथाना के भूमि खाता संख्या 264 जमाबन्दी सम्वत 2075–2078 की प्रतियां प्रस्तुत की हैं जिनमें प्रार्थी का नाम दानाराम पुत्र ख्यालीराम है, से प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों की ताकीद होती हैं। बहस पर मनन व पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकॉर्ड, दस्तावेजात का अवलोकन किया गया। जिससे जाहिर है कि विवादित आराजी के राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी का नाम हरदान पुत्र ख्यालीराम अंकित है। प्रार्थी का कथन कि प्रार्थी का सही नाम दानाराम पुत्र ख्यालीराम है की पुष्टि आधार कार्ड, पेन कार्ड, **CGHS** कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, बैंक खाता पासबुक व राजस्व ग्राम मावण्डा कलां तह. नीमकाथाना के भूमि खाता संख्या 264 जमाबन्दी सम्वत 2075–2078 की प्रति से होती है। इस प्रकार प्रस्तुत राजस्व रिकार्ड दस्तावेजात के आधार पर प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाना न्यायोचित है। (बृजेश कुमार) उपखण्ड अधिकारी नीमकाथाना

Signature Not Verified
Digitally Signed by Bre...
Date: 2021.03.29 17:57:3...
Reason: SelfAttested

आदेश

उपरोक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता हैं तथा तहसीलदार नीमकाथाना को आदेशित किया जाता हैं कि राजस्व ग्राम चला की ढाणी पटवार हल्का मंढोली तह. नीमकाथाना के भूमि खाता संख्या 191 जमाबन्दी सम्वत 2075–2078 के राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी का नाम **हरदान पुत्र ख्यालीराम** के स्थान पर **दानाराम पुत्र ख्यालीराम** दर्ज किया जाकर राजस्व रिकॉर्ड दुरूस्त किया जावें। शेष इन्द्राज बदस्तुर रहे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय सरे इजलास सुनाया गया।

(बृजेश कुमार)
उपखण्ड अधिकारी
नीमकाथाना (सीकर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Brejesh Kum
Date: 2021.03.29 17:57:30 IST
Reason: SelfAttested